an>

Title: Need to formulate a new textile policy to benefit the poor traders in Bhiwandi, Maharashtra.

श्री कपिल मोरेश्वर पाटील (भिवंडी) : उपाध्यक्ष महोदय, मेरे लोक सभा क्षेत्र भिवंडी में पावरलूम टैक्सटाइल का बहुत बड़ा कारोबार है जो 150 सालों से वहाँ चल रहा है। पहले तो वह हैंडलूम था लेकिन अभी पावरलूम में तब्दील हुआ है। इस व्यवसाय से कम से कम 7 लाख लोगों को वहाँ रोज़गार मिलता है। इस व्यवसाय में देश के अन्य राज्यों से, जैसे मेरे पीछे बैठे सांसद देवजी पटेल जी के जालौर लोक सभा क्षेत्र स,ो गुजरात, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र में मालेगाँव, धुले, इचलकरंजी - यहाँ बहुत बड़े पैमाने पर यह कारोबार चलता है। जिन लोगों ने यह हैंडलूम का व्यापार शुरू किया था, वह अपने घरों में शुरू किया था, छोटे पैमाने पर शुरू किया था, लेकिन आज 150 साल होने के बावजूद भी वे अपना व्यापार घरों से निकालकर बाहर नहीं ला पाए और न उनका आधुनिकीकरण कर पाए। ये गरीब लोग हैं और हमारी जो टैक्सटाइल पॉलिसी है, वह हालांकि अच्छी है, लेकिन उनको उससे कुछ फायदा नहीं मिलता है। आपके माध्यम से मेरी टैक्सटाइल मिनिस्टर से तथा सरकार से विनती है कि देश के कोने-कोने में इस तरह का जो टैक्सटाइल का व्यापार होता है, उसका सर्वे कराकर इन लोगों को अगर इस व्यापार में हमें मुख्य प्रभाव में लाना है तो सर्वे कराकर इनके लिए ऐसी पॉलिसी लाई जाए कि इनको बैनिफिट मिले और इनका व्यापार बढ़े।

HON. DEPUTY SPEAKER:

Shri Gajendra Singh Shekhawat,

Shri Devji M.Patel and

Shri Nana Patole are permitted to associate with the issue raised by Shri Kapil Moreshwar Patil.